an>

Title: Need to announce Minimum Support Price for groundnut and make provision for swift procurement of the produce in Bikaner Parliamentary constituency, Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): मेरे बीकानेर संसदीय क्षेत्र में इस समय कृषि उपज मंडियों में मूंगफली की आवक बहुत तेजी से बढ़ रही है, लेकिन भारत सरकार की योजना ""मिनीमम सपोर्ट प्राइज"" के तहत खरीददारी की व्यवस्था नहीं होने के कारण मंडियों में मूंगफली की फसल के ढेर लग रहे हैं तथा मंडियों के आसपास रहने वाले व्यवसायियों को भी ट्रैफिक जाम होने के कारण बहुत ही मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। जो किसान ग्रामीण क्षेत्र से मूंगफली लेकर मंडी में आते हैं उनको भी समुचित बोली की व्यवस्था नहीं होने के कारण 1 या 2 दिन के आसपास सड़क पर ही रूकना पड़ता है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ अन्य परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। शहर के अन्य नागरिकों को भी ट्रैफिक जाम के कारण मुसीबतों का सामना करना पड़ता है।

मूंगफली की आवक ज्यादा होने के कारण मूंगफली की फसल मिनीमम सपोर्ट प्राइज से नीचे बिक रही है इससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

मेरी भारत सरकार के कृषि मंत्री से यह मांग है कि बीकानेर की कृषि मंडियों में मूंगफली की फसल की आवक को देखते हुए अतिशीघ्र मिनीमम सपोर्ट प्राइज के तहत खरीददारी करने के निर्देश जारी करें तथा बजट की व्यवस्था भी उपलब्ध कराएं जिससे राज्य सरकार सरकारी खरीद के लिए आवश्यक प्रबंध कर सके।